NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्षः 05, अंकः-83, पृष्ठः 12 | रविवार, 28 सितम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# 'दिल-दिमाग पर बोझ..'

## करूर भगदड़ पर 39 लोगों की मौत के बाद अभिनेता विजय की प्रतिक्रिया, पीएमओ ने किया मुआवजे का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से करूर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। घायलों को 50,000 रुपये देने का एलान किया गया है।

**चेन्नई।** तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके की रैली में भगदड़ से 39 लोगों की मौत हुई है। साथ ही 90 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस बीच घटना के बाद करूर से तुरंत चेन्नई रवाना हुए विजय ने रविवार सुबह इस घटना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख जताया। साथ ही कहा कि उनकी पार्टी



और कार्यकर्ता सभी प्रियजनों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का एलान किया गया है।

अभिनेता विजय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "करूर में कल जो कुछ हुआ, वह कल्पना से परे है। उसके बारे में सोचते ही मेरा दिल और दिमाग गहरे बोझ से दब जाते हैं। अपने प्रियजनों को खोने के असीम दुख के बीच, मेरे पास अपने हृदय की पीड़ा को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। मेरी आंखें और मन शोक से ढंके हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, "आप सबके चेहरे, जिनसे मैं मिला हूं बार-बार मेरी यादों में उभर रहे हैं। जैसे-जैसे मैं उन प्रियजनों के बारे में सोचता हूँ, जिन्होंने स्नेह और देखभाल दिखाई है, मेरा दिल और भी अस्थिर हो जाता है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि हमारे सभी प्रियजन जो घायल हैं और इलाज करा रहे हैं, वे शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौटें। मैं यह भी आश्वासन देता हूं कि हमारी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) इलाज करा रहे सभी प्रियजनों को दृढ़ता से आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी।

## रोडवेज बस और वैन की टक्कर में मासूम समेत पांच की मौत



**लखीमपुर खीरी।** खीरी थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह करीब आठ बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। लखीमपुर-सीतापुर मार्ग के ओयल मोड़ पर रोडवेज बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में मासूम बच्चे समेत पांच की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हुए हैं। इनमें छह गंभीर घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। उधर, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

जानकारी के मुताबिक रोडवेज बस लखीमपुर से लखनऊ जा रही थी। सवारियों से भरी वैन सीतापुर से लखीमपुर आ रही थी। इसमें 15 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि ओयल मोड़ पर रोडवेज बस और वैन की आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई।


## सांबा में बॉर्डर के पास दिखा संदिग्ध ड्रोन



**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी ड्रोन सुबह 6.30 बजे रामगढ़ सेक्टर के करलियान गांव के ऊपर मंडराता हुआ देखा गया, जिसके बाद वह गायब हो गया। बीएसएफ के जवानों ने सीमा पार से हथियार या नशीले पदार्थ न गिराए जाने की पुष्टि के लिए गांव और आसपास के इलाकों में तुरंत तलाशी अभियान शुरू कर दिया।


## सीएम योगी की चेतावनीः यूपी में अराजकता और दंगा करने पर दूंगा जहन्नुम का टिकट

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर के दौरे पर हैं। यहां पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा। गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने को कहा। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना की। कहा कि विकास में बाधा डाली तो ऐसे राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं।



# एसआईटी करेगी बरेली हिंसा की जांच

## मौलाना तौकीर समेत आठ आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



**बरेली।** आई लव मोहम्मद के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान करने वाले इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। एहतियातन जिले में 29 सितंबर की रात 12.30 बजे तक के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प में 22 पुलिस वाले घायल हो गए थे। इस मामले में पांच थानों में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें 125 लोग नामजद हैं। मौलाना तौकीर रजा को फरुर्खाबाद की फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में भेजा गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि शुक्रवार को हुए बवाल के मामले में कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, किला, प्रेमनगर और कैंट थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई हैं। 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बवाल में शामिल तीन हजार अज्ञात आरोपियों को वीडियो फुटेज के जरिये चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौलाना तौकीर को फरुर्खाबाद जिले की फतेहगढ़ सेंट्रल जेल और अन्य आरोपियों को बरेली सेंट्रल जेल-टू भेजा गया है। **अफसरों पर फेंके गए थे पत्थर**

एसएसपी ने कहा कि पुलिस पर हमले की पहली व बड़ी घटना खलील हायर सेकंडरी स्कूल तिराहे पर हुई। इसमें मौके पर मौजूद राजपत्रित अधिकारियों पर भीड़ ने पत्थर फेंके और पुलिस पर फायरिंग की। यहीं से मौलाना तौकीर के अलावा बाकी सात आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। यहां उपद्रवियों ने दो बाइकों में तोड़फोड़ भी की थी।

मौलाना तौकीर के बुलावे पर भीड़ के जुटने की बात सार्वजनिक है। मगर, इसके अलावा भी कई लोग पर्दे के पीछे से साजिश रच रहे थे। उनका क्या उद्देश्य था, यह तथ्य भी पुलिस जांच में स्पष्ट करेगी। एसएसपी ने बताया कि खलील हायर सेकंडरी स्कूल के पास से पत्थर, जूते-चप्पल, पुलिस के टूटे बैरिकेड, एक तमंचा, कुछ कारतूस व खोखे, ब्लेड, चाकू और टूटी बोतल मिली हैं। बोतल से पेट्रोल की गंध आ रही थी।


### होर्डिंग वार, 'आई लव योगी आदित्यनाथ' के बाद 'आई लव अखिलेश यादव'

उत्तर प्रदेश में 'आई लव मोहम्मद' से उठा विवाद अब भाजपा-सपा के बीच होर्डिंग्स वार में बदल चुका है। एक दिन पहले यानी शनिवार को भाजपा नेताओं ने राजधानी की सड़कों पर 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' लिखी होर्डिंग्स लगाईं। इस पर दिनभर चर्चा चली। अब रविवार की सुबह लखनऊ में सपा नेताओं की होर्डिंग्स दिखाई दे रही हैं। इसमें 'आई लव अखिलेश यादव', 'आई लव पीडीए' और 'आई लव शिक्षा, विकास, रोजगार' समेत कई स्लोगन लिखे गए हैं। अब होर्डिंग्स सामने आने के बाद राजनीतिक विश्लेषक इसे हमेशा की तरह सपा और भाजपा के बीच एक होर्डिंग्स के जरिये कोल्ड वार मानकर चर्चा कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से राजनीतिक पार्टियों का होर्डिंग्स और पोस्टर के माध्यम से एक-दूसरे को जवाब देने का तरीका काफी चर्चा में रहता है। अब सपा के समर्थन में लगी ये होर्डिंग्स सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव और सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अबनींद्र यादव की तरफ से लगाई गई हैं।




### 55 को व्हाट्सएप कॉल कर नदीम ने हिंसा के लिए जुटाए 1600 लोग

शहर का माहौल यूं नहीं बिगड़ा, इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां ने इसके लिए खतरनाक साजिश रची थी। नदीम ने 55 लोगों को व्हाट्सएप कॉल की थी। इन के जरिये शहर में बवाल कराने के लिए 1,600 लोग जुटाए गए। सभी से कहा गया था कि सीएए-एनआरसी के विरोध-प्रदर्शन की तरह ही नाबालिगों को आगे रखना है। उन्हीं लोगों ने खलील स्कूल तिराहे के पास और फिर श्यामगंज में माहौल को बिगाड़ा। अब नदीम भूमिगत है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। आठ आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उनसे प्रारंभिक पूछताछ की तो हकीकत सामने आ गई। पुलिस के मुताबिक, मौलाना तौकीर की मंशा ज्ञापन देने की नहीं, बल्कि इस्लामिया मैदान पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठकर शक्ति प्रदर्शन करने की थी। हालांकि, वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सका। वहीं, नदीम की भूमिका बृहस्पतिवार रात से ही संदिग्ध हो गई थी। रात में ही नफीस और लियाकत के साथ नदीम ने पुलिस को पत्र दिया कि मौलाना तौकीर शुक्रवार को प्रदर्शन नहीं करेंगे। उसने पुलिस को आश्वस्त किया कि वह सुबह पांच बजे तक घूम-घूम कर आईएमसी समर्थकों को बताएगा कि इस्लामिया मैदान में कोई प्रदर्शन नहीं होना है।



## लौटता मानसूनः गुजरात-महाराष्ट्र और गोवा समेत कई राज्यों में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत से लौटते मानसून के कारण हो रही भारी बारिश से तबाही मची हुई है। गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, महाराष्ट्र से लेकर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक तक भारी बारिश को लेकर रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना में एक हजार से अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। कर्नाटक में स्कूल और कॉलेज बंद करने पड़े हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 29 सितंबर तक गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, गोवा और कोंकण में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है और यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम के मिजाज में यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में बने दबाव के पश्चिम दिशा की तरफ से बढ़ने के कारण हुआ है। आईएमडी ने झारखंड में 2 अक्तूबर तक भारी बारिश की संभावना जताई है। कोल्हान क्षेत्र के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची, गुमला, बोकारो, रामगढ़ और धनबाद में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। महाराष्ट्र के लातूर जिले में बैराज में अचानक पानी बढ़ने से चार मजदूर फंस गए। आठ घंटे बाद उन्हें बड़ी मुश्किल से निकाला गया। राजस्थान से मानसून विदा हो गया है। लेकिन सक्रिय तंत्र के कारण बारिश की संभावना अभी भी बनी हुई है।

## प्रेमिका ने सिलबट्टे से कूचकर प्रेमी की ले ली जान

**पटना।** एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी की सिलबट्टे से कूच-कूच कर हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या करने के बाद उसने पुलिस को फोनकर घटना की जानकारी भी दी। उसने कहा कि मैंने अपने प्रेमी की हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। यह घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के चिरैयांटाड़ की है। अब आरोपी प्रेमिका पुलिस की हिरासत में है। एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। घटना के संबंध में कंकड़बाग थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि लड़की से पूछताछ की गई। इस दौरान उसने बताया कि पिछले पांच साल से वह अपने प्रेमी मुरारी के साथ लिव इन में थी।

## दिसंबर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले- खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी

**मॉस्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे।

लावरोव ने आगे कहा, 'यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित



देशों के साथ ही चर्चा करेगा।'

भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा, 'भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है। शुरूआत में इसे 'रणनीतिक साझेदारी' कहा गया, बाद में इसे 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' और अब 'विशेष रूप से विशेष रणनीतिक साझेदारी' कहा जाता है।'

लावरोव ने आगे कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में तियानजिन में मिले थे। दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना भी बनाई जा रही है। लावरोव ने कहा, 'हमारे पास एक बहुत व्यापक द्विपक्षीय एजेंडा है, जिसमें व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, मानवीय मामले, स्वास्थ्य सेवा, उच्च तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और निश्चित रूप से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और द्विपक्षीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घनिष्ठ समन्वय शामिल है।'

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। **प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# मुठभेड़ में हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

## फिरोजाबाद में पैर में गोली लगने से घायल, अवैध तमंचा बरामद



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** खैरगढ़ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गुलफाम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान गुलफाम के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक मिस कारतूस बरामद किया है। एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि यह घटना 28 सितंबर 2025 की सुबह करीब 4:50 बजे साती हाथवंत रोड पर साखिनी चौराहा के पास हुई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुलफाम इस इलाके में देखा गया है और भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर खैरगढ़ पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया, तो संदिग्ध ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में संदिग्ध के पैर में गोली लग गई।

घायल व्यक्ति की पहचान थाना खैरगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0स0 153/25 धारा 109(1), 333, 351 बीएनएस के वांछित अभियुक्त गुलफाम पुत्र चिराग निवासी रसूलपुर टंकी, थाना रसूलपुर, जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गुलफाम के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक मिस कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने घायल गुलफाम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

### बदमाशों को पुलिस ने सिखाया सबक, मुठभेड़ में दो गिरफ्तार; एक के पैर में लगी गोली

थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस टीम ने एक शिक्षिका से मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले आगरा के दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि मुठभेड़ में अजब सिंह को गोली लगने से चोट आई है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरा अभियुक्त जितेन्द्र गिरफ्तार कर लिया गया है। शिक्षिका वंदना 13 सितंबर को स्कूल से लौट रही थीं। सौफीपुर के पास बिना नंबर की मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया था। इस संबंध में थाना बसई मोहम्मदपुर पर केस दर्ज किया गया।

# किसानों की 15 सूत्रीय मांगें, यमुना एक्सप्रेसवे पर 3 अक्टूबर को भाकियू करेगा शांति मार्च

एनएनआई



**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर कट समेत 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू (संपूर्ण भारत) ने तीन अक्टूबर को यमुना एक्सप्रेसवे पर शांति मार्च निकालने का एलान किया है। शनिवार को अपने आवास पर वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राजपूत ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया एक्सप्रेसवे पर सुरीर-टैंटीगांव के मध्य कट, गांव औहावा-स्याराहा के मध्य यमुना नदी पर पक्का पुल, एक्सप्रेस के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण, जर्जर सड़कों के निर्माण, मांट क्षेत्र के प्रमुख कस्बों को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने, मुआवजा दिलाने, निराश्रित घूम रहे गोवंशी को आश्रय दिलाने, किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने समेत आदि मांगों को लेकर सुरीर में औहावा अंडरपास पुल के समीप महापंचायत होगी। इसके बाद एक्सप्रेसवे पर टैंटीगांव की ओर पैदल शांति मार्च निकाला जाएगा। मंडल अध्यक्ष संतोष भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष कपिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विष्णु सिंह, जिला महामंत्री व्यापार प्रकोष्ठ कोकी सेठ, जिला महामंत्री पवन शर्मा बिरथरे, बहोरी सिंह सरपंच, रामकुमार सिंह, मानू ठाकुर मौजूद थे।

# शादी समारोहों में लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, अभियुक्त पर था 25 हजार का इनाम

**हाथरस** एनएनआई। एसओजी टीम व थाना सादाबाद पुलिस ने शादी समारोहों में रुपये, आभूषण के बैग छीनने की घटनाओं का आरोपी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त 25 हजार का इनामिया बदमाश है ।

27 सितंबर को सादाबाद पुलिस को चैकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शादी समारोहों में हुई लूट व छिनैती के मुकदमों में वांछित बदमाश हाथरस से सलेमपुर की तरफ जाने की फिराक में है। सूचना पर एक मोटरसाईकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, परन्तु वह नहीं रुके । पुलिस ने घेराबंदी करने का प्रयास किया, किन्तु बदमाशों ने पुलिस टीम परफायरिंग कर दी।

सादाबाद पुलिस व एसओजी टीम की बदमाश से हुई मुठभेड़ हो गई, जिसमें अभियुक्त दीपक दबोच लिया गया। उसका एक अन्य साथी अंधेरे व झाडियों का फायदा उठाकर भाग गया। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल अभियुक्त को अस्पताल भेजा गया । फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। थाना सादाबाद अंतर्गत शादी समारोहों में लूट की घटनाओं का थाना सादाबाद पुलिस व एसओजी टीम ने 26 फरवरी को खुलासा किया था। चार अभियुक्तगण भोला उर्फ भूपेंद्र, गजेंद्र उर्फ गज्जू, केशव व हरेन्द्र चौहान, प्रवीण त्यागी व शेर खान उर्फ अंशू सहित छह अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । पकड़े गए अभियुक्त दीपक पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था ।गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। अभियुक्त ने आगरा, मथुरा, हाथरस, राजस्थान आदि स्थानों पर चोरी, लूट, छिनैती की घटना की हैं।

# बांकेबिहारी मंदिर: हाई पावर्ड कमेटी का विरोध...गोस्वामी समाज ने किया प्रदर्शन

एनएनआई

**वृंदावन।** श्रीबांकेबिहारी मंदिर प्रबंध के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर्ड कमेटी के विरोध में शनिवार को गोस्वामी समाज ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कमेटी पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि कमेटी ने दर्शन का समय बढ़ाकर हाईकोर्ट के आदेश की भी अवमानना की है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित हाई पावर्ड कमेटी मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन कर रही है। एक पखवाड़ा पहले कमेटी ने कई व्यवस्थाओं में बदलाव के आदेश दिए थे। इसमें दर्शन का समय बढ़ाने का भी आदेश शामिल है। शनिवार को श्रीबांकेबिहारी मंदिर के गेट नंबर एक के बाहर एकत्रित हुए गोस्वामी समाज के लोगों ने कमेटी के आदेशों का विरोध किया।

नीलम गोस्वामी ने बताया कि आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि ठाकुर जी की सेवा व्यवस्था में कमेटी को किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा। उनका आरोप है कि कमेटी ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ठाकुरजी की सेवा और आराम के समय में कटौती करते हुए दर्शन का समय बढ़ा दिया।

इस विषय पर पूर्व में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 28 नवंबर 2022 को स्पष्ट आदेश पारित कर दर्शनों के समय बढ़ाने पर रोक लगाई थी। यह आदेश 14 नवंबर 2022 को मथुरा के सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेश से दर्शन का समय बढ़ाए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर पारित किया था। गोस्वामी समाज का कहना है की हाईकोर्ट का आदेश वर्तमान में भी प्रभावी है।



गौरव गोस्वामी ने बताया कि कमेटी को एक विधिक नोटिस भेजकर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया था, लेकिन उसे नजरंदाज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके विरोध में उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अवमानना पर याचिका दाखिल की है। हिमांशु गोस्वामी ने बताया कि समिति की संरचना ही पक्षपात पूर्ण है। उनके अनुसार बिना चुनाव कुछ स्वामियों को मनोनीत कर लिया गया है और वह हर निर्णय पर आंख मूंद कर सहमति जता रहे हैं। श्यामा गोस्वामी ने कहा समाज के आंदोलन सदैव शांतिपूर्ण होते हैं, लेकिन ठाकुरजी की परंपराओं से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे।

समिति यदि अपने वर्चस्व की राजनीति करती रही, तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। प्रदर्शन में शैलेंद्र गोस्वामी, देव गोस्वामी, बृजेंद्र गोस्वामी, राजू गोस्वामी, बच्चू गोस्वामी, सुमन गोस्वामी, सुनीता गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, अनुराधा गोस्वामी, दीपशिखा गोस्वामी, वर्षा ओटवानी आदि शामिल रहीं।

# आगरा में छुपा बैठा था चैतन्यानंद

## ताजगंज में होटल के रूम नंबर 101 से रात तीन बजे पुलिस ने पकड़ा

एनएनआई

**आगरा।** देश की राजधानी दिल्ली के वसंतकुंज स्थित आश्रम में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोपी मैनेजर चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने देर रात ताजगंज इलाके के होटल से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार शाम से वह होटल में रुका था। दिल्ली पुलिस ने होटल के कमरे में 15 मिनट तक आरोपी से पूछताछ की, इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

दिल्ली में वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट रिसर्च के मैनेजर चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी पर पीजी डिप्लोमा कर रहीं छात्राओं ने छेड़छाड़ और अश्लील हरकत के आरोप लगाए थे। छात्राओं की शिकायत पर संस्थान प्रबंधन ने थाने में शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

आरोपी बाबा फरार हो गया। हालांकि उसकी लोकेशन बुधवार को

### दिल्ली की 17 छात्राओं ने लगाया है छेड़छाड़ का आरोप

आगरा में मिली थी। आरोपी के खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया गया था। दिल्ली पुलिस शनिवार रात तीन बजे ताजगंज क्षेत्र में फतेहाबाद रोड स्थित होटल फर्स्ट में पहुंची। होटल के कर्मचारी भरत ने बताया कि सादा कपड़ों में दिल्ली क्राइम ब्रांच के दो अधिकारी होटल में आए थे। उन्होंने रजिस्टर चेक किया। रजिस्टर की एंट्री देखने के बाद वे होटल के कमरा नंबर 101 में रुके स्वामी पार्थ सारथी के पास पहुंचे। कमरे में करीब 15 मिनट तक रुककर उन्होंने पूछताछ की। इसके बाद वह स्वामी पार्थ सारथी को अपने साथ ले गए। स्वामी पार्थ



सारथी के नाम से होटल के रजिस्टर में एंट्री थी। वह शनिवार शाम चार बजे होटल में पहुंचा था।

रात में रेस्टोरेंट से खाना मंगाया था। क्राइम ब्रांच देर रात ही चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को अपने साथ ले गई। थाना ताजगंज के प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह सिरोही का कहना है कि उन्हें दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है।

वसंतकुंज इलाके में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की एक-एक करतूत सामने आ रही है। साल 2016 में एफआईआर करवाने वाली छात्रा ने प्राथमिकी में कहा था कि उसने संस्थान में आठ महीने बिताए, वो मेरी जिंदगी का सबसे खराब दौर था। उसके बाद उसने वहां पढ़ाई छोड़ दी थी। संस्थान ज्वॉइन करते ही बाबा की हरकतें शुरू हो गई थीं। वह मुझे अश्लील मैसेज भेजने लगा था। आरोपी स्वामी उसे स्वीट गर्ल बुलाने लगा। प्राथमिकी में कहा गया कि आरोपी शाम को 6.30 बजे क्लास खत्म होने के बाद उसे अपने ऑफिस

### श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का प्रबंधक था

में बुलाता और परेशान करता।

वह कहता था-तुम बहुत टैलेंटेड हो और तुम्हे दुबई ले जाकर पढ़ाऊंगा। पढ़ाई का पूरा खर्च उठाऊंगा। मैं ये बिल्कुल नहीं चाहती थी, लेकिन उसका स्टाफ मुझ पर दबाव बनता रहता था। स्वामी ने मेरा मोबाइल फोन छीन लिया और मुझे हॉस्टल में अकेले रहने पर मजबूर किया। उसे किसी से बात नहीं करने दी जाती थी। छात्रा के कमरे में लगे फोन पर रात में कॉल करता था। आरोपी रात में डिनर और अच्छे होटलों में रुकवाने की बातें करता था। छात्रा ने कहा था कि कई बार बाबा ने मुझे गलत तरीके से टच करने की कोशिश की।

**छेड़छाड़ और जबरन छूने की कोशिश**

छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया है कि चैतन्यानंद उन्हें जबरन छूने की कोशिश करता था। विरोध करने पर शारीरिक संपर्क करने की कोशिश की और इसके लिए कई तरह के दबाव भी बनाए। कथित तौर पर छात्राओं को डराया और धमकाया गया। यह भी कहा जा रहा है कि इस मामले में कुछ फैकल्टी के लोग भी जुड़े हैं। आरोप है कि चैतन्यानंद ने छात्राओं को आवाज को दबाने के लिए अपनी ताकत और प्रतिष्ठा का इस्तेमाल किया।

**कौन है चैतन्यानंद**

चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का प्रबंधक था। संस्थान श्रृंगेरी पीठ के अधीन चलता है, जिसका प्रबंधक स्वामी चैतन्यानंद को नियुक्त किया गया था। हालांकि एफआईआर के बाद उसे पद से हटा दिया गया है।



# कक्षा 8वीं की छात्रा बनी थाना अध्यक्ष

**आगरा एनएनआई।** कक्षा 8वीं की छात्रा जानवी राजपूत बनी एक दिन की थाना अध्यक्ष मिशन शक्ति के तहत जानवी को एक दिन के लिए थाना अध्यक्ष बनाया गया थाना अध्यक्ष बनते ही जानवी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया 1 दिन के लिए बनी थाना अध्यक्ष ने थाने पर आए फरियादियों की फरयादों को सुना ।थाना पर्यटन कमिश्नरेट आगरा पर महिला मिशन शक्ति 5.0 के तहत कक्षा आठवीं की छात्रा जानवी पुत्री श्री जितेन्द्र कुमार निवासी नगला प्यारेलाल धांधूपुरा रोड थाना ताजगंज कमिश्नरेट आगरा को एक दिवस का थानाध्यक्ष बनाया गया । एक दिन की थानाध्यक्ष जानवी द्वारा थाने के निरीक्षण किया गया व अभिलेखों का अवलोकन किया गया । एक दिन की थानाध्यक्ष के द्वारा थाने पर आयी महिलाओं एवं अन्य फरियादियों की जनसुनवाई की जा रही है व थाने पर आयी महिलाओं को सरकार द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं से भी अवगत कराया गया ।

## यातायात पुलिस को मिले आधुनिक मोबाइल फोन व सीयूजी नम्बर

**आगरा एनएनआई।** यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी यातायात निरीक्षकों को सरकारी मोबाइल फोन एवं सीयूजी नम्बर उपलब्ध कराए गए। इस पहल से अब आमजन सीधे अपने क्षेत्र के यातायात निरीक्षक अथवा ग्रिड प्रभारी से संपर्क कर समस्याएँ और सुझाव साझा कर सकेंगे। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस व्यवस्था से जनता को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा।

**ग्रिडवार प्रभारी एवं सीयूजी नम्बर**

एमजी रोड प्रथम : यातायात निरीक्षक श्री दुष्यंत राणा झ 7839860807

वीआईपी रोड : यातायात निरीक्षक श्री सुखदेव सिंह झ 7839860809

एमजी रोड द्वितीय : यातायात निरीक्षक श्री प्रवीण कुमार शर्मा झ 7839860810

सिकन्दरा : यातायात निरीक्षक श्री संजीव कुमार गौतम झ 7839860806

जीवनी मंडी : यातायात निरीक्षक श्री बलवीर सिंह झ 7839860811

रामबाग : यातायात निरीक्षक श्री प्रणीत कुमार शुक्ला झ 7839860812

नई व्यवस्था के बाद यातायात पुलिस की कार्यशैली अधिक पारदर्शी बनेगी।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# 1.90 की ठगी करने वाला साइबर अपराधी अरेस्ट

## विदेशों में बैठे अपने दोस्तों के साथ भोले भाले लोगों को बनाता था शिकार

एनएनआई

**आगरा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने विदेश में बैठे दोस्तों के साथ मिलकर ठगी करने वाले गैंग के मुख्य आरोपी धर्मेंद्र उर्फ डिग्गी को गिरफ्तार किया है। यह पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से 12 मोबाइल बरामद किए हैं। यह निवेश कराने, क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ठगी करता था। इसे शनिवार को जेल भेजा गया।

आरोपी के खिलाफ पहले से नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर 46 से अधिक शिकायतें और 4 केस दर्ज हैं। यह दो बार जेल भी जा चुका है। इसने कुछ दिन पहले एयरफोर्स के अधिकारी को जाल में फंसाकर 1.96 करोड़ रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने उनके 1.78 करोड़ वापस करा दिए थे। एडीसीपी सिटी आदित्य सिंह ने बताया कि फरवरी 2024 में जॉर्ज जोसफ ने केस दर्ज कराया था। साइबर ठगों ने स्टॉक में निवेश पर




कम समय में अधिक रुपये कमाने का लालच देकर उनसे 1.96 करोड़ रुपये ठगे थे। शुरू में मुनाफा कराया लेकिन बाद में करोड़ रुपये से भी अधिक निवेश करा लेने पर बातचीत करना बंद कर दिया था।

पुलिस ने जांच कर पूर्वी दिल्ली प्रीत विहार निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ डिग्गी को गिरफ्तार किया। यह गैंग का मुख्य सरगना है। स्नातक पास होने के साथ यह हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा बोलता है।

**एपीके फाइल कराता था डाउनलोड**

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी गैंग के अन्य साथी दुबई व अन्य देशों में बैठकर लोगों को आईपीओ स्टॉक एक्सचेंस, क्रिप्टो करेंसी आदि में निवेश के नाम पर जाल में फंसाते हैं। कम समय में अधिक रुपये कमाने का लालच दिया जाता है। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर एपीके फाइल भेज देते हैं। एपीके फाइल मोबाइल में डाउनलोड होते ही निवेश करने वाले लोगों के मोबाइल और लैपटॉप का एक्सेस गैंग के सदस्य ले लेते हैं। आने वाले रुपयों को फर्जी पेमेंट गेटवे और यूएसडीटी के माध्यम से दुबई ट्रांसफर करा लेते थे। उनकी एक टीम खातों को अरेंज करती है। दुबई में बैठे अतिरेस, भूपेश व अन्य साथी खाता लेकर एपीके फाइल भेजकर रुपये ट्रांसफर करते हैं।

**अब तक 80 लाख रुपये ले चुका कमीशन**

धर्मेंद्र उर्फ डिग्गी अनजान लोगों को रुपयों का लालच देकर उनके नाम से बैंक में खाते खुलवाता है। टीम के सदस्यों को बैंक खातों की डिटेल देता है। बदले में कमीशन लेता है। आरोपी अब तक 80 लाख रुपये कमीशन ले चुका है। यह पांच देशों की यात्रा कर चुका है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 28 सितम्बर, 2025


# अतिक्रमण से फिर घिरा रामबाग चौराहा

- पल-पल होता है यातायात प्रभावित, राहगीर बेहाल
- प्रशासन की कवायद महज औपचारिकता साबित
- नालों के ऊपर दुकानदारों का कब्जा

एनएनआई

**आगरा।** शहर का सबसे व्यस्त और प्रमुख माना जाने वाला रामबाग चौराहा एक बार फिर अतिक्रमणकारियों की चपेट में है। नगर निगम और पुलिस प्रशासन की कई बार की कार्यवाही के बावजूद यहां दुकानदारों और रेहड़ी-खोमचों वालों का कब्जा बढ़ता जा रहा है। सुबह और शाम के समय चौराहे पर भारी भीड़भाड़ रहती है। राहगीरों और वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ता है। पैदल चलने वालों के लिए तो फुटपाथ पूरी तरह गायब हो चुके हैं। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिकता निभाकर चला जाता है। कुछ ही दिनों में अतिक्रमण फिर लौट आता है। वहीं राहगीरों और यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम और पुलिस की ढिलाई के बिना यह संभव नहीं है। गौरतलब है कि रामबाग चौराहा शहर को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। यहां लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। ट्रैफिक पुलिस भी कई बार असहाय दिखाई देती है।



### ऑटो और ई-रिक्शा चालक भूले नियम

रामबाग चौराहे के चारों ओर ऑटो और ई-रिक्शा चालक पूरे दिन नियमो की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। सवारियां जल्दी भरने की चाहत में चौराहे से दूरी रखने की बजाय सुबह से देर शाम तक चौराहे पर पूरी तरह ये कब्जा जमाए खड़े रहते हैं।

### आम जनता की बढ़ती परेशानियां

रामबाग चौराहा शहर के व्यस्ततम चौराहों में से एक है। स्कूली बसों और वैन के अलावा दूर दराज आने-जाने वालों के लिए यह आम रास्ता है। जाम के झाम की मार आम आदमी के लिए चुनौतियां भरी रहती हैं।

### दो अस्पताल बन रहे जाम का कारण

रामबाग चौराहे से कुछ कदमों की दूरी पर अगल-बदल में मौजूद दो अस्पतालों में पर्किंग कई व्यवस्था नहीं है। गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों की जान के साथ खिलवाड किया जा रहा है। आम आदमी को काफी समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।









- जल्द ही निगम अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वालों को हटायेगा। नगर निगम द्वारा कार्यवाही के बाद संबंधित थाना प्रभारी का दायित्व होता है कि वह क्षेत्र में दुबारा से अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करें। जल्द ही कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

  **अपर नगर आयुक्त**

- नवरात्रे चल रहे हैं जिले भर में टीमो द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। रामबाग क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर को मौके पर भेजकर दिखवाया जाएगा।

  **महेंद्र श्रीवास्तव, खाद्य अधिकारी**

### पूरी वाले का नाले पर कब्जा

कुछ समय पहले चौराहे पर खुली पूरी वाले के प्रतिष्ठान ने तो नाले के ऊपर ही पूरी तरह अपना कब्जा जमा लिया है। वाहनों के खड़े होने की पर्किंग से लेकर खुले में पूड़िया भी नाले के ऊपर ही बनाई और ग्राहको को खाने के लिए परोसी जा रही हैं।

### खाद्य विभाग की नाकामी का नतीजा

खाद्य विभाग रामबाग चौराहे पर मौजूद पूरी वाले के साथ-साथ अन्य दुकानदारों पर कार्यवाही करने की जहमत तक नहीं उठाता है। इस कारण खुले में खाने-पीने की सामान बेचने के साथ मे बनाया भी जा रहा है।

### ठेल ढकेल वालो की भरमार

चौराहे पय ठेल, ढकेल, खोमचे लगाने वालों की भरमार है। इसके चलते चौराहे पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। थाना पुलिस अपने स्तर से कार्यवाही भी कर चुकी है बावजूद इसके यातायात पुलिस की ढिलाई आम जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर खड़ी रहती है।

### बेल्ट, टोपी वालों ने वापस जमाया अतिक्रमण

डिवीजन चौकी के सामने बेल्ट, टोपी, चश्मे बेचने वालो ने फिर से अतिक्रमण जमा लिया है। पिछले माह ही नगर निगम द्वारा की गई कार्यवाही के वक़्त अवैध रूप से कब्जा जमाए अतिक्रमणकारियों को पूरी तरह हटा दिया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने फिर से कब्जा जमा लिया।

# बोर्ड रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर निजी स्कूल न करें मनमानी

## पापा संस्था की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जारी किए आदेश


**आगरा (एनएनआई)।** निजी स्कूल बोर्ड रजिस्ट्रेशन के नाम पर मनमानी फीस वसूलने से बाज आएं। उक्त आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक ने पापा संस्था की शिकायत पर दिए। उन्होंने सभी निजी विद्यालयों को निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल द्वारा बोर्ड पंजीकरण परीक्षा शुल्क निर्धारित दर से अधिक न वसूला जाए। पापा संस्था के पंकज टंडन ने बताया कि कई अभिभावकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि आगरा जिले के सैकड़ों निजी स्कूलों ने बोर्ड नियमों को ठेंगा दिखाते हुए मनमाने तरीके से किसी से ढाई-तीन हजार से चार हजार अतिरिक्त रजिस्ट्रेशन फीस वसूला जा रहा है। यही नहीं वसूली जा रही फीस की रसीद भी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। पापा संस्था के दीपक सिंह सरीन ने बताया कि सभी बोर्डों की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन फीस का उल्लेख है। इसके बाद भी स्कूलों द्वारा ज्यादा फीस वसूली जा रही है। इसको लेकर पापा संस्था ने जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत की गई थी। नतीजन शनिवार को शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को लिखित आदेश जारी निर्धारित से अधिक फीस वसूल न किए जाने के निर्देश दिए। दीपक सरीन ने अभिभावकों से अपील की कि अगर कोई स्कूल बोर्ड पंजीकरण परीक्षा शुल्क के नाम पर निर्धारित से अधिक पैसे वसूलता है और उसकी रसीद नहीं देता है तो पापा संस्था में शिकायत दर्ज कराएं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया नवरात्र उत्सव

**आगरा (एनएनआई)।** सरस्वती शिशु मंदिर कमलानगर में शिशु वाटिका के बच्चों ने मां के नौ स्वरूप बन कर सभी को नवरात्रि पर्व पर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर समाज सेविका नीलम वार्ष्णेय गुलाब सिंह दिवाकर, वरुण कौशिक तथा प्रधानाचार्य दिनेश उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम कौशिक ने किया।हेमलता उपाध्याय,पूनम अग्रवाल, श्वेता,सुमन राठौर,गायत्री उपाध्याय ने व्यवस्थाएं संभाली।

# राम-रावण सेना में होगा भीषण युद्ध, टूटेगा अहंकार

- श्रीरामचंद्र मंदिर से 2 अक्टूबर को धूमधाम से निकलेगी दशहरा शोभायात्रा
- शोभायात्रा में 70 से अधिक होंगी झांकियां, जगह-जगह होगा भव्य स्वागत
- श्रीराम-रावण की सेना के बीच सजीव युद्ध की झांकी होगी विशेष आकर्षण



एनएनआई

**आगरा।** प्राचीन श्रीरामचंद्र मंदिर जटपुरा से दो अक्टूबर को निकलने वाली दशहरा शोभायात्रा में 70 से अधिक झांकियों संग श्रीराम व रावण की सेना का युद्ध होगा। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी दशहरा शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन भवन लोहामंडी में आमंत्रण पत्र विमोचन में दी। इस दौरान पदाधिकारियों ने शहरवासियों को शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

विनय अग्रवाल ने बताया कि बैंड बाजों संग दशहरा शोभायात्रा शाम 5 बजे श्रीराम मंदिर जटपुरा से शुरू होकर न्यू राजामंडी, तोता का ताल, बल्देवगंज, लोहामंडी बाजार, राजामंडी बाजार होती हुई सेंट जोंस चौराहे पर पहुंचेगी। जहां 80 फुट ऊंचे रावण का श्रीराम द्वारा वध किया जाएगा। शोभायात्रा में सबसे आकर्षक श्रीराम सेना वानर और रावण सेना राक्षसों की युद्ध करती सजीव झांकी होगी। शोभायात्रा में लगभग 70 आकर्षक झांकियां होंगी। 4 अक्टूबर को राजगद्दी का आयोजन मारुति एस्टेट अवधपुरी स्थित प्रेम वाटिका में किया जाएगा। इस मौके पर समिति के महेन्द्र खंडेलवाल, राहुल चतुर्वेदी, राजपाल यादव, तरुण सिंह, रामदास कटारा, संजय अग्रवाल, शरद चौहान, विक्रांत कुशवाह, प्रेमा वर्मा, टीटू पंडित, क्षमा जैन, विनोद अग्रवाल, संजय कठेरिया, सतीश चाहर, विजय जैन, अमित बंसल, मुन्नू यादव, शुभम सिंह, शिवम मिश्रा, शिव अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, तुषार, मीना वर्मा, रोहित शर्मा, अरिहन्त जैन और गौरव राजपूत आदि उपस्थित थे।

## शोभायात्रा से सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का सन्देश

**आगरा (एनएनआई)।** श्री अग्रवाल सेवा संगठन, दयालबाग की ओर से अग्रकुल प्रवर्तक और समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती पर दयालबाग स्थित तपन प्लाजा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शुभारम्भ विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, मुख्य संरक्षक सुरेशचन्द गर्ग, समाजसेवी सुनील विकल, पार्षद मुरारीलाल गोयल ने हरी झंडी दिखा कर किया। अध्यक्ष कुलवंत मित्तल ने बताया कि शोभायात्रा में 18 राजकुमार और 18 राजकुमारियों ने रथों पर विराजमान होकर दयालबाग की विभिन्न कॉलोनियों का भ्रमण किया है। महाराजा अग्रसेन के स्वरूप सुरेश चंद अग्रवाल बाड़ी वाले व महारानी माधवी की स्वरूप उनकी पत्नी नीलम सिंह टोले से सभी को आशीर्वाद दे रही थी। महामंत्री राजीव खेमका ने बताया कि शोभायात्रा से पुरे दयालबाग में अग्रवंशियो की अखंडता का प्रतीक बनी और सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का सन्देश दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी संजय अग्रवाल, नितिन बंसल, राजीव बंसल, पंकज अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, बबीता मित्तल, दीक्षा अग्रवाल, गरिमा गर्ग, संध्या गर्ग, प्रिया अग्रवाल, मिनी गर्ग, डॉ. अमिता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## मातृशक्ति की कलश यात्रा संग श्रीमद भगवत कथा महोत्सव शुरू



**आगरा (एनएनआई)।** लाडली कटरा आवासीय समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ किया गया। जिसमें सेकड़ो की संख्या में मातृशक्ति ने शीश पर कलश धारण किया। कलश यात्रा का शुभारंभ लाडली कटरा चौराहा से किया गया, जो स्पीड कलर लेब चौराहा ओर कोठी मीना बाजार क्षेत्र का भर्मण करते हुए कथा स्थल तक पहुंची। यात्रा में सेकड़ों की संख्या में मातृशक्ति ने अपने शीश पर कलश धारण किया। यात्रा का कई स्थानों पर स्थानीय लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान यात्रा में कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री महाराज रथ में सवार होकर भक्तो का उत्साहवर्धन करते रहे। यात्रा विश्राम के उपरान्त कथा व्यास ने मुख्य यजमान से व्यास पीठ का पूजन कराया और सात दिवसीय श्रीमद भगवत कथा का शुभारंभ कर भक्तो को कथा का श्रवण कराया। इस मोके पर मुख्य रूप से भाजपा महानगर उपाध्यक्ष मुनेन्द्र जादौन, अशोक शर्मा, एस के शर्मा, लव तिवारी, रमेश शर्मा, सुशील उपाध्याय, राम शर्मा, सुबोध शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर छात्रों ने किया पर्यटन स्थलों का सर्वेक्षण



**आगरा (एनएनआई)।** विश्व पर्यटन दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन संस्थान के छात्र-छात्राओं ने शहर के आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विकास की संभावनाओं को तलाशने के सर्वेक्षण भ्रमण किया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म एंड कल्चर, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित भ्रमण में संस्थान की डॉ. अंजली कुमारी, अमित कुमार साहू और सुश्री विभा माथुर के नेतृत्व में छात्रों की टीम ने सूरदास बर्ड सैंक्चुअरी, कीथम झील, सूरदास जन्मस्थली (सूरकुटी एवं अंध विद्यालय) और भालू संरक्षण केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने पर्यटन विकास पर एनालिसिस आधारित अध्ययन किया। सर्वेक्षण की रूपरेखा तरुण कुमार राणा ने तैयार की। इस शैक्षिक भ्रमण में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 35 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सर्वेक्षण का उद्देश्य आगरा और आसपास के पर्यटन स्थलों पर नई सुविधाओं का सृजन कर पर्यटकों को आकर्षित करना और पर्यटन विकास की संभावनाओं को उजागर करना रहा।

# सिंध हेल्पेज की दीदी कृष्णा आज देंगी आर्शीवचन

**शाम सात बजे खंदारी कालेज परिसर स्थित राव कृष्णपाल सिंह सभागार में होगा रूह रिहान सिंधी कार्यक्रम का आयोजन**



**आगरा (एनएनआई)।** तनावपूर्ण और व्यस्त जीवन शैली के दौर में परिवार को संभालना, बच्चों को सही संस्कार और समाज को सही दिशा कैसे मिले। इस पर प्रमुख साधु वासवानी मिशन पुणे और सामाजिक संस्था सिंध हेल्पेज की दीदी कृष्णा रविवार को आर्शीवचन देंगी। आरबीएस कालेज परिसर स्थित राव कृष्णपाल सिंह सभागार में आज शाम 7 बजे से रूह रिहान, सिंधी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दीदी कृष्णा भी मौजूद थीं। संतों का वाणी हमेशा कुछ अच्छा सिखाती है। आयोजन समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों व विशेषकर युवा पीढ़ी से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. हरीश मीरचंदानी, राजू भरत, रेखा बालानी, मंजू निचानी दीदी, गुलशन, सुरेश सीतलानी महेश मंगरानी हिम्मत रामानी रवि छाबड़ा शंकरलाल दुल्हानी भगवान आवतानी जे पी धमानी विकास दुलानी अनिल दुलानी गुलाब लधानी राजेश हेमदेव अशोक मंगवानी संजय कुंडलानी मोहन पंजवानी एन डी लालवानी जितेंद्र कुकरेजा आशा दुल्हानी पायल दुल्हानी महक दुल्हानी रजनी रामानी कौशल्या लधानी भावना मंघरानी दीपा लालवानी वर्षा धमानी किरण सीतलानी आदि उपस्थित थे।

## फैशन एवं लाइफस्टाइल पर एग्जिबिशन आज से

**आगरा (एनएनआई)।** संतुष्टि बाय अल्पना फैशन एवं लाइफस्टाइल ब्रांड द्वारा आगरा में आयोजित होने वाली दो दिवसीय एग्जिबिशन आज से शुरू होने जा रही है। संतुष्टि बाय अल्पना की डायरेक्टर अल्पना बंसल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस एग्जीबिशन में फेस्टिव सीजन को देखते हुए विभिन्न फैब्रिक एवं हैंडलूम द्वारा निर्मित आकर्षक परिधानों एवं होम डेकोर की विभिन्न रेंज उपलब्ध रहेगी। संतुष्टि बाय अल्पना हैंडलूम टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है। देश के कोने-कोने से हमारे कस्टमर हमारे उत्पादों की एक्सक्लूसिव डिजाइन एवं स्टाइल के लिए हमसे संपर्क करते हैं। इस एग्जीबिशन में स्त्री ,पुरुष, महिलाओं, बच्चों सभी के लिए परिधानों की विभिन्न रेंज उपलब्ध है। इस फेस्टिव सीजन में अपने घर को हमारे होम डेकोर की विभिन्न डिजाइनों से सुसज्जित करिए। एग्जीबिशन 28 एवं 29 सितंबर 2025 को 28/168, प्रथम तल, इंडिया बैंक के ऊपर ,जीवनी मंडी पर आयोजित की जा रही है।

# गृह विज्ञान संस्थान में लगाया बापू बाजार

**कुलपति प्रो. आशु रानी ने विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा**

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान में शनिवार को आयोजित किए गए बापू बाजार का शुभारंभ कुलपति प्रो. आशु रानी ने किया। इस दौरान उन्होंने स्टाल्स का अवलोकन कर छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहाकि ऐसे आयोजन समाज में आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। पुराने वस्त्र और उपयोगी सामग्री को जरूरतमंदों तक पहुंचाना ही सच्चे अर्थों में सेवा और सत्कार्य है। 'बापू बाजार' का उद्देश्य घर के पुराने उपयोगी सामान, कपड़े, खिलौने और अन्य वस्तुओं को समाज के वंचित वर्ग तक रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की यह पहल 2014 से लगातार की जा रही है। इस वर्ष भी कपड़े, साड़ी, सूट, जींस, पैंट, शर्ट, बच्चों के वस्त्र, खिलौने, जूते-चप्पल आदि आकर्षक पैकिंग के साथ किफायती दामों पर उपलब्ध कराए गए। संस्था की अध्यक्ष डॉ. अनुराधा चौहान और उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति सिंह ने बस्ती के लोगों को कपड़े वितरित किए। आयोजन प्रो. अर्चना सिंह के निर्देशन में गृह विज्ञान संस्थान की छात्राओं और शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। इस दौरान फूड स्टॉल भी लगाए गए, जिनका संचालन डॉ. दीप्ति सिंह, डॉ. नेहा सक्सेना, डॉ. अनुपमा गुप्ता, डॉ. प्रीति यादव और डॉ. कविता सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ज्योति पाल, मेघा, वंशिका, निकिता, हिमांशली, भावना, आराध्या, मोहित, प्रशांत, समीर, अमन, आकाशी, शिवाक्षी आदि ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के प्रो. मोहम्मद अरशद और एसोसिएशन फॉर जेंडर एंपावरमेंट फाउंडेशन दिल्ली की सीमा गिल विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। इसके अलावा शिक्षकों में डॉ. नीलम यादव, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. संघमित्रा गौतम, डॉ. रत्ना पांडे, रजनी यादव, डॉ. अंकुर जैन, इंजीनियर तरुण श्रीवास्तव, दीपक कुलश्रेष्ठ एवं विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

## स्वदेशी रैली ने कमला नगर में मचाई धूम

**आगरा (एनएनआई)।** सरस्वती शिशु मंदिर डी-1 कमला नगर में शनिवार को स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी रैली का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा तृतीय से कक्षा पंचम के लगभग 650 भैया- बहनों ने सहभागिता दी और अपने जोशपूर्ण नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। रैली का शुभारंभ सह मंत्री शिशु शिक्षा समिति ब्रजप्रांत रविकांत चावला और विद्यालय के प्रबंधक मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर प्रबन्ध समीति सदस्य गुलाब दिवाकर तथा समाज सेवी व पत्रकार वरुण कौशिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सह मंत्री शिशु शिक्षा समीति ब्रज प्रांत रविकांत चावला ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता है बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी रोजगार उपलब्ध कराता है। विद्यालय प्रबंधक मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने कहा, हमारा दायित्व है कि हम अपने विद्यार्थियों में देशभक्ति और आत्मनिर्भरता की भावना का संचार करें। रैली की सुरक्षा व्यवस्था मे स्थानीय पुलिस ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।





# बच्चों ने राम राज्याभिषेक की लीला का किया मनोहारी मंचन

**आगरा एनएनआई।** संस्कार भारती की कला साधिका समिति और श्री जी ए प्ले स्कूल, गजानननगर आगरा के संयुक्त तत्वावधान में श्री जीए प्ले स्कूल, गजानन नगर पर नन्हें बालको के द्वारा श्री राम राज्याभिषेक लीला व गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। 17 नन्हे बालक और बालिकाओं ने राम वनवास से लेकर राम राज्याभिषेक तक की लीला का मनोहारी मंचन किया।

कार्यक्रम में संस्कार भारती के ब्रज प्रांत महामंत्री श्री नंद नंदन गर्ग, महानगर श्री ओम स्वरूप गर्ग, कला साधिका समिति की अध्यक्ष अनिता भार्गव, कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संगठन नीता गर्ग, रेनू सिंघल, अंजुली बंसल, बबीता पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राम के स्वरूप में निशांक, लक्ष्मण के स्वरूप में युग, माता सीता के रूप में काव्या व हनुमान के स्वरूप में वंश ने भूमिका निभाई. कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य श्रीमती दीप्ति गुप्ता ने और धन्यवाद प्रबंधक श्री भूपेंद्र अग्रवाल ने किया।

# डांडिया नाइट में झूमी द ड्रीम टीम

एनएनआई

**आगरा।** नवरात्रों की पावन बेला पर द ड्रीम टीम सामाजिक संस्था द्वारा तीसरी निशुल्क डांडिया नाइट का भव्य आयोजन द जेल हाउस, कारगिल पर किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी एसआईबी आकांक्षा शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था की अध्यक्ष कनिष्का केशवानी ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन लगातार तीन वर्षों से हो रहा है और संस्था की महिलाओं को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है।

रात्रि में महिलाओं ने डांडिया की थाप पर झूमकर नृत्य किया और पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में रोचक खेल भी कराए गए, जिनमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आरजे सचिन ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से माहौल को और जीवंत कर दिया। आयोजन की सफलता में जय झूलेलाल सेवा संगठन परिवार के अध्यक्ष दीपक





आतवानी, मंत्री सुनील केशवानी, लक्की सावलानी, मीडिया प्रभारी तरुण कुमार जुम्मानी, व कमल जुम्मानी,पंकज जिंदल का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आकांक्षा शुक्ला, कोमिला सुनीधर, राखी कौशिक, महामंत्री जानवी पहलजानी, कोषाध्यक्ष सहज बदलानी, बबीता जिंदल गार्गी, काव्या, कंचन, शिखा, आरती आतवानी, अनु आतवानी, सोनी सावलानी, मुस्कान सावलानी, पलक, लवली, नीलम, नैना, मोना, आयुषी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। डांडिया नाइट का यह उत्सव सांस्कृतिक समृद्धि, महिला सहभागिता और सामूहिक उत्साह का अनुपम उदाहरण बना।

# देवी जागरण में मां की भक्ति में झूमें भक्तजन



एनएनआई

**आगरा।** सतरंगी पुष्पों व जगमग रोशनी से सजा मां दुर्गा के पण्डाल (तोता का ताल स्थित) में आज भक्ति भाव के साथ भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। प्रातः मंगला आरती के साथ ही पण्डाल में भक्तों की चहल पहल शुरू हो गई। प्रतिदिन सैकड़ों भक्त मां की आरती में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही महाकाल की भस्म आरती भी की गई। इस समय पम्डाल की सभी रोशनी को बंद कर दिया गया। मां दुर्गा के साथ जय महाकाल के उद्घोष से पण्डाल गुंजायमान हो उठा।

पण्डाल में मुख्य अतिथि के रूप में मां दुर्गा की 15 फुट की मूर्ति बनाने वाले कलकत्ता के कारीगर विकास दादा भी पहुंचे। विधि विधान के साथ उन्होंने मां दुर्गा का पूजन किया। वृंदावन से आए भूदेव कृष्ण शास्त्री व लखनऊ से आए आचार्य लघु मिश्रा द्वारा विधि विधान के साथ प्रतिजिन चार आरती सम्पन्न करायी जा रही हैं। 28 सितम्बर को डांडिया उत्सव व 29 सितम्बर को महाआरती का आयोजन होगा। 30 सितम्बर को कन्या पूजन व एक अक्टूबर को पण्डाल में आकर्षक झांकियां सजायी जाएंगी। दो अक्टूबर को भण्डारा व 3 अक्टूबर को सुंदरकाण्ड पाठ के साथ 12 दिवसीय उत्सव का समापन होगा। 4 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि थीं।

# रामलाल वृद्ध आश्रम में 50 गद्दों की सेवा के साथ की गौ सेवा

**आगरा एनएनआई।** धन गुरु नानक की कृपा एवं संगत के सहयोग से सेवा कार्यों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुरुद्वारा शाहगंज, आगरा की ओर से रामलाल वृद्ध आश्रम में 50 गद्दे कवर सहित भेंट किए गए,वह गौ सेवा कार्य में सामग्री सेवा की। गुरुसेवक श्याम भोजवानी ने बताया कि इस सेवा कार्य में संगत का विशेष योगदान रहा। गुरद्वारा प्रधान बॉबी आनंद ने कहा कि गुरु महाराज की रहमत से ही यह सेवाएं संभव हो पाती हैं रामलाल आश्रम के मुख्य सेवादर शिव प्रसाद शर्मा द्वारा सेवा कार्य करने वाले सभी अतिथियों का पटका पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान बॉबी आनंद, कमल मतलानी, मोहन गनवानी, पलक मतलानी, कुणाल नैनानी, सचिन आदि मौजूद रहे।



# गढ़ी ईश्वरा में गूँजे श्रीराम-सीता विवाह के जयघोष

एनएनआई

**आगरा।** गढ़ी ईश्वरा, दिगनेर, शमशाबाद रोड स्थित बाबा श्रीमनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में शनिवार को भक्तिरस और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंचन में श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग का ऐसा जीवंत चित्रण हुआ कि पूरा वातावरण हृजय सिया रामह्न के उद्घोष से गूंज उठा।

मंचन का शुभारंभ मंगलाचरण और चौपाइयों से हुआ। जनकपुरी का अलौकिक श्रृंगार, पुष्पों से सुसज्जित मण्डप, श्री राम बारात का आगमन, सीता जी की सुंदरता और वर रूप में श्री नारायण की दिव्यता आदि सभी



दृश्यों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जब श्रीराम और सीता जी ने विवाह (तुलसी सालिगराम)के पवित्र फेरे लिए, तो दर्शक भक्ति रस में सराबोर हो उठे।

इस अवसर पर श्री महंत योगेश पुरी और मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने राम-सीता की आरती उतारी। भक्तजन सियाराममय सब जग जानी की भक्ति में लीन हो गए।

श्री महंत योगेश पुरी ने विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि राम-सीता विवाह केवल धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि मर्यादा, आदर्श और पवित्र दांपत्य जीवन का प्रतीक है। यह समाज को धर्म और संस्कृति की मजबूत नींव देता है।

मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने बताया कि रामलीला महोत्सव का प्रत्येक प्रसंग हमें सत्य, धर्म और आदर्श जीवन की सीख देता है। विवाह प्रसंग से यह संदेश मिलता है कि जीवन में मर्यादा और भक्ति का पालन ही सच्चे सुख और शांति का मार्ग है। उन्होंने ने बताया कि रविवार को वनवास लीला और केवट प्रसंग का भव्य मंचन किया जाएगा।

इस अवसर पर छुट्टन चौहान, प्रेमवीर पचौरी, तूफान, महेन्द्र गुप्ता, चेतन भागवत, पप्पू टिर्री, राजवीर जादौन, रिषी परिहार आदि उपस्थित रहे।

# जाणता राजा: राष्ट्रकवि हरिओम पंवार की पंक्तियां गूंजी

## महानाट्य का भव्य मंचन 4 से 9 अक्टूबर तक कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे महा नाट्य का उद्घाटन



**आगरा एनएनआई।** भारत ने हर समझौते का आदि बनना छोड़ दिया, कुछ बातों में हमने बापू गांधी बनना छोड़ दिया.. प्रखर राष्ट्रकवि डॉ. हरिओम पंवार की ये ओजस्वी पंक्तियां आज कलाकृति कन्वेंशन सेंटर, ताज ईस्ट गेट, फतेहाबाद रोड पर आयोजित जाणता राजा व्याख्यान कार्यक्रम में गूंज उठीं। कार्यक्रम का आयोजन दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों के निमित्त किया गया था, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर पूज्य जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज (ज्योतिर्मय बद्रीधाम, हिमालय) ने अपने आशीर्वचन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए बल, बुद्धि और संगठन इ तीनों का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने आह्वान किया कि अब उनकी आयु मात्र दो ढाई वर्ष और रह गई है 87 वर्ष की आयु में वे शरीर का त्याग करेंगे उससे पूर्व वह अखंड भारत देखना चाहते हैं, इसके लिए सभी को प्रयास करना ही होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैया जी जोशी ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन केवल संघर्ष नहीं बल्कि समाज को आत्मगौरव और आत्मबल देने का विराट अभियान था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे शिवाजी के मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा में योगदान दें। इस अवसर पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. आशीष गौतम भैया जी ने जानकारी दी कि शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा का भव्य मंचन 4 से 9 अक्टूबर 2025 तक कलाकृति कन्वेंशन सेंटर परिसर, ताज ईस्ट गेट, आगरा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल ऐतिहासिक गाथा का मंचन होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरक संदेश भी देगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रकवि डॉ. हरिओम पंवार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में भारत माता के महान सपूतों और शिवाजी महाराज की गाथा को काव्यात्मक पंक्तियों और ऐतिहासिक दृष्टांतों के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी का व्यक्तित्व भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता चेतना का अमिट प्रतीक है। आधुनिक शिक्षा में परिवर्तन की अत्यधिक आवश्यकता है। शिक्षा में बस यह सिखाया जाए कि भारत गुलाम कैसे बना और भारत का स्वर्णिम इतिहास क्या था तो बदलाव स्वयं आ जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

केंद्र राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, महिला आयोग अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान, विधायक छोटे लाल वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आयोजन समिति मनीष अग्रवाल रावी, महामंत्री मुकेश गोयल, संयोजक ललित शर्मा, स्वागत समिति उपाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, महामंत्री अभिनव मौर्य, संयोजक सोम मित्तल, गोविंद दुबे, अजय गुप्ता, पूरन डावर, बांके लाल, अजीत जी महापात्र, धर्मेंद्र जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, ओमवीर सिंह, अभय पाल, रामया, सिंहपाल सिंह आदि सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# एक दिन की ईओ ने सुलझाया खरंजा निर्माण पर विवाद

एनएनआई



**पिनाहट।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन की अधिशासी अधिकारी ने कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया। खरंजा निर्माण को लेकर बस्ती के दो लोगों में चल रहे विवाद को उन्होंने तत्काल लेखपाल को मौके पर पैमाइश के लिए भेज कर चंद मिनट में ही उस विवाद को सुलझा दिया।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को पिनाहट कस्बे की दलित बस्ती की छात्रा प्रतीक्षा कुमारी को नगर पंचायत कार्यालय पिनाहट में एक दिन का अधिशासी अधिकारी बनाया गया। एक दिन की अधिशासी अधिकारी प्रतीक्षा कुमारी के पास बिजली, पानी, खरंजा,साफ - सफाई, विधवा वृद्धा पेंशन, आवास सहित कुल 8 शिकायतें आई। जिम एक दिन की अलिशासी अधिकारी बनी प्रतीक्षा कुमारी ने हेड पंप की समस्या का मौके पर ही नगर पंचायत के अधीनस्थो को मौके पर प्लंबर भेजकर तत्काल हेड पंप को सही कर के निर्देश दिए। एक घंटे के अंदर प्लंबर के द्वारा हेड पंप को चालू कर दिया गया। दूसरी समस्या बघेल कॉलोनी की आयी में चल रहे कारंजा निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। दो पक्षों में खरंजा निर्माण को लेकर विवाद न हो और खरंजा निर्माण कार्य न रुके इसी को लेकर एक दिन की अधिशासी अधिकारी प्रतीक्षा जाटव ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल पिनाहट लेखपाल सुनील कुमार को फोन लगाकर पूरी मामले से अवगत कराया। और फोन कर लेखपाल को तत्काल पैमाइश कर खरंजा निर्माण कार्य में उत्पन्न हो रही बाधाओ के समस्या निस्तारण के निर्देश दिए,वहीं लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश कर खरंजा निर्माण में आ रही बाधा को तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों शिकायतकताओं की मौजूदगी में उन्हें संतुष्ट कर समस्या का निस्तारण किया। कस्बे के ताल की पार की एक गरीब महिला ने आवास की गुहार लगाई। जिस पर एक दिन की अधिशासी अधिकारी ने ऑनलाइन सेंटर पर आवास के लिए फॉर्म भरने की जानकारी दी इसके बाद एक दिन की अधिशासी अधिकारी प्रतीक्षा जाटव ने नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों से ग्रह कर,पेयजल कर,नलकूप आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। और सभी लोगों को प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग छोड़कर कपड़े की थैली का प्रयोग करने की अपील की।

इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि आजाद बाबू नगर पंचायत बाबू सुरेंद्र सिंह कुमार, रिंकू शर्मा,सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जैतपुर पुलिस ने महिलाओं को मिशन शक्ति की बताई ताकत

**जैतपुर एनएनआई।** राधिका मैरिज होम में आयोजित उजाला प्रेरणा संकुल समिति चित्राहट के वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जैतपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रेम सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ उपस्थित हुए वहीं कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रीतेश वर्मा जी एवं विकास खण्ड जैतपुर कलां के सहायक विकास अधिकारी उमेश चंद्र भारती मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर प्रेम सिंह ने महिला सुरक्षा पर उपस्थित सैकड़ो महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा हेल्प डेस्क के विभिन्न नंबरों की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया।



इस दौरान जैतपुर पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों–1090, 112 और 1930–के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मिशन प्रबंधक अंगद कुमार एवं अमित कुमार गुप्ता ने किया।

# करणी सेना के बाद अब भीम आर्मी करेगी अरेला में बहुजन महापंचायत


**एत्मादपुर एनएनआई।** साढ़े चार माह पूर्व गढ़ी रामी गांव में राणा सांगा जयंती पर करणी सेना की चर्चित क्षत्रिय महापंचायत के बाद ग्राम पंचायत अरेला में आजाद समाज पार्टी की घटक सेना भीम आर्मी की ओर से आगामी पांच अक्टूबर को बहुजन महापंचायत आयोजित करने का ऐलान किया गया है। गरीब तबके के लोगों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की मंशा से आयोजित की जाने वाली महापंचायत आयोजन के लिए तैयारियां शुरू किए जाने के साथ आयोजन की अनुमति के लिए पुलिस प्रशासन से अनुमति मांगी गई है। इसके लिए भीम आर्मी के जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार रिंकू सेठ ने पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन को कल आवेदन पत्र सौंपा गया है। एत्मादपुर ब्लाक क्षेत्र की दलित बाहुल्य ग्राम पंचायत अरेला थाना खंदौली क्षेत्र में आती है।

यहां डा भीमराव आंबेडकर पार्क में पांच अक्टूबर को भीम आर्मी ने बहुजन महापंचायत के आयोजन का ऐलान किया है। संयोजक रिंकू सेठ ने कहा है कि प्रस्तावित महापंचायत में कई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा आगरा व बाहरी मंडल के जनपदों के गांव-कस्बों से बहुजन समाज के लगभग दस हजार लोग शिरकत करेंगे।

# संरक्षित हो बटेश्वर का किला, हेरीटेज में शामिल हो मई की हवेलियां

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में 180 करोड़ की लागत से पर्यटन विकास हो रहा है। विकास के दायरे से छूटे बटेश्वर के प्राचीन किले को संरक्षित किए जाने एवं पड़ोस के गांव मई की हवेलियों को हेरीटेज पर्यटन में शामिल किए जाने की मांग उठी है। महाभारत कालीन नगर बटेश्वर एवं शौरीपुर को 180 करोड़ की लागत से केन्द्र और प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है। घाट, मंदिर, कारीडोर, कुंड के विकास का काम प्रगति पर है। लेकिन बटेश्वर का प्राचीन किला विकास के दायरे से छूट गया है। 1942 में क्रांति की



गवाह रही जंगलात कोठी भी उपेक्षित पड़ी है। बटेश्वर के रामसिंह आजाद, चरन सिंह यादव, नरेन्द्र चन्द्रवंशी, पुत्तूलाल ने जंगलात कोठी को स्मारक के रूप में विकसित करने के साथ बटेश्वर के किले को संरक्षित किए जाने की मांग की है। बटेश्वर के पास में बसे क्रांतिकारी गेंदालाल दीक्षित के गांव मई की हवेलियों को हेरीटेज पर्यटन में शामिल किए जाने की भी मांग उठाई है। हवेलियों को संरक्षित किए जाने के साथ ही क्रांतिकारी गेंदालाल दीक्षित की जन्म भूमि पर उनकी क्रांति की यादें सहेजने की मांग भी उठाई है। जिससे पर्यटक भारत की प्राचीन धरोहर के साथ क्रांतिकारी गेंदालाल दीक्षित के त्याग और बलिदान को जान समझ सकेंगे। मैनपुरी षडयंत्र केस के हीरो कमांडर इन चीफ गेंदालाल दीक्षित ने चंबल के डाकुओं को आजादी के आंदोलन से जोड़ा था।

## संपादकीय

# नैरेटिव्स से बनते चुनावी मुद्दे



कई दशकों तक विकास का मतलब बिजली, सड़क, पानी को माना गया और पार्टियां, सरकारें इसी नाम पर चुनाव भी लड़ती थीं। अब इनसे अलग बहुत सारी चीजें बदल गई हैं। चुनाव अब सिर्फ बिजली, सड़क और पानी का नहीं रह गया है। सड़क अब चुनाव का अहम मुद्दा नहीं है। बिजली और हर घर नल से जल पहुंचाने का मुद्दा भी चुनावी विमर्श के केंद्र में नहीं है। अब ऐसा लग रहा है कि इन सबका नहीं होना मतदान व्यवहार को प्रभावित कर सकता है लेकिन इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने से वोट मिलने की संभावना नहीं बढ़ती है। चुनाव लड़ने वालों की नई पीढ़ी आ गई है और साथ साथ चुनाव के मुद्दे भी तेजी से बदल रहे हैं। चुनाव लड़ने का तरीका बदल गया है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जरूर अब भी चुनाव में मुद्दा होते हैं क्योंकि ज्यादा समय नहीं बीता है, जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे और इन्हीं मुद्दों को केंद्र में रख कर उन्होंने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार को कठघरे में खड़ा किया। सो, ये मुद्दे हैं। हालांकि सिर्फ इन मुद्दों के आधार पर कोई सरकार चुनाव हार जाए, इसकी मिसाल भी धीरे धीरे कम होती जा रही है।अब महंगाई या बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन या किसी ऐतिहासिक मैदान में रैली नहीं देखने को मिलती है। ये मुद्दे होते भी हैं तो चुनाव के समय सुनाई देते हैं। पहले विपक्षी पार्टियां पांच साल तक इन मुद्दों पर जमीनी संघर्ष करती थीं। पहले कीमतों में मामूली बढ़ोतरी पर आंदोलन होते थे। लेकिन अब महंगाई या बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन या किसी ऐतिहासिक मैदान में रैली नहीं देखने को मिलती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ 2011 में आखिरी बार आंदोलन हुआ था उसके बाद ऐसा लग रहा है कि यह मुद्दा समाप्त हो गया है। ऐसे ही रोजगार के नाम पर भी अब राजनीतिक दलों के आंदोलन नहीं होते हैं। हकीकत यह है कि रोजगार के लिए आंदोलन करने वाले और लाठी खाने वाले युवा भी बेरोजगारी के मुद्दे पर वोट नहीं करते हैं। लोग अपने जरूरी मुद्दे भूल कर बनाए गए मुद्दों के आधार पर राजनीतिक विचार बना रहे हैं और चुनाव में उसी हिसाब से वोट कर रहे हैं।लोग सोशल मीडिया से ज्ञान हासिल करके विदेश मामलों के विशेषज्ञ बन जाते हैं और भारत की विदेश नीति के आधार पर वोट देते हैं। उन्हें बताया जाता है कि भारत की विदेश नीति कमाल की है। कहा जा रहा है कि भारत बहुत तेजी से विश्वगुरू बनने की ओर बढ़ रहा है इसलिए अमेरिका और विश्व शक्तियों की आंखों में खटक रहा है। पिछले 11 साल से लोग इस विदेश नीति के नैरेटिव से प्रभावित रहे हैं। यहां सिर्फ विदेश नीति का मामला नहीं है, बल्कि अर्थ नीति और सामरिक नीति भी चुनावी विमर्श का मुद्दा है। पहले कभी नहीं कहा गया होगा कि सरकार ने सेना को खुली छूट दे रखी है। सेना को हमेशा खुली छूट रही है लेकिन अब इस बात का प्रचार किया जाता है। कहा जाता है कि सरकार ने सेना को कहा है कि गोली का जवाब गोले से दो और गोली गिनने की जरुरत नहीं है। इस तरह के जुमले चुनावी नैरेटिव बनाने में इस्तेमाल किए जाते हैं। जटिल से जटिल आर्थिक मुद्दे भी अब मास मीडिया का इस्तेमाल करके लोगों को समझाए जाते हैं और लोग उनसे प्रभावित होते हैं।ताजा मिसाल जीएसटी की दरों में बदलाव का है। जीएसटी 2.0 का ऐसा माहौल बनाया गया है, जैसे पहले आठ साल तक विपक्ष की सरकार लोगों से ज्यादा टैक्स वसूल रही हो और अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों को उससे मुक्ति दिलाई है। पहले लोगों को यह बात समझाई गई कि देखो हर महीने कितने लाख करोड़ रुपए की जीएसटी वसूली जा रही है और अब इस बात पर ताली बजवाई जा रही है कि जीएसटी में कितनी कटौती कर दी गई। पिछले कुछ वर्षों में आए राजनीतिक बदलाव का संकेत है कि अब रोजमर्रा के जरूरी मुद्दों के बजाय सेट किए गए नैरेटिव्स किस तरह से चुनाव को प्रभावित करते हैं। कैसे विदेश नीति, आर्थिक नीति, सामरिक नीति जैसे जटिल और आम आदमी की पहुंच से दूर रहे मुद्दे अब चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि सरकार आम लोगों के सारे जरूरी मुद्दे नहीं सुलझा सकती है लेकिन उनको विनिर्मित नैरेटिव्स में जरूर उलझा सकती है।



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

# महाअष्टमी पर करें खास उपाय

## विवाह और नौकरी में आ रही परेशानियों से मिलेगा छुटकारा

नवरात्रि का प्रत्येक दिन देवी के अलग-अलग स्वरूप की उपासना को समर्पित होता है। इसमें अष्टमी तिथि को विशेष रूप से शुभ और फलदायी माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि इस दिन मां दुर्गा की आराधना करने से भक्तों पर उनकी विशेष कृपा बरसती है। अष्टमी के दिन देवी के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि महागौरी की कृपा से जीवन की कठिनाइयां दूर होती हैं और रुके हुए कार्य पूर्ण होते हैं। जो साधक निष्ठा और भक्ति से मां की साधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं धीरे-धीरे पूरी हो जाती हैं।



**विवाह में आ रही बाधाओं को दूर करने के उपाय**

बहुत से लोगों के जीवन में विवाह से जुड़ी समस्याएं बनी रहती हैं। यदि बार-बार शादी की बात बनते-बनते बिगड़ जाती है या लंबे समय से रिश्ते में रुकावट आ रही हो, तो अष्टमी पर विशेष उपाय करना लाभकारी माना गया है।

इस दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

मां दुर्गा के समक्ष लाल फूल और सिंदूर अर्पित करें।

इसके बाद 108 बार यह मंत्र जप करें ॐ कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरि। नंदगोपसुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः।।

साथ ही अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराना, उन्हें लाल चुनरी और चूड़ियां भेंट करना भी अत्यंत शुभ फलदायी होता है।

माना जाता है कि इस उपाय से विवाह में आ रही बाधाएं समाप्त होती हैं और शीघ्र विवाह योग बनता है।

**नौकरी और व्यापार से जुड़ी समस्याओं के लिए उपाय**

यदि आप लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं और सफलता नहीं मिल रही है, तो अष्टमी के दिन आप कुछ विशेष उपाय करके इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

महाअष्टमी के दिन मां महागौरी को सफेद पुष्प और नारियल अर्पित करें।

108 बार यह मंत्र जपें ॐ देवी महागौर्यै नमः।।

इस दिन मां को दूध से बने व्यंजन का भोग और जरूरतमंदों को सफेद वस्त्र व मिठाई दान करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है।

ऐसा करने से करियर में आ रही बाधाएं समाप्त होती हैं और नए अवसर प्राप्त होते हैं।

# दुर्गा अष्टमी के दिन न करें ये गलती, व्रत हो सकता है खंडित

हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व बड़ी ही श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। इस बार यह पर्व खास माना जा रहा है क्योंकि नौ दिनों की बजाय यह दस दिन तक चल रहा है। इस बार दुर्गा अष्टमी 30 सितंबर को और नवमी की पूजा 1 अक्तूबर को संपन्न होगी। नवरात्रि के इन दोनों दिनों का अत्यधिक महत्व है। अष्टमी का दिन मां दुर्गा के पूजन का सबसे श्रेष्ठ दिन माना जाता है। कुछ लोग अष्टमी को व्रत खोलते हैं जबकि कुछ नवमी को पारण करते हैं। यही कारण है कि कई बार लोग उलझन



में पड़ जाते हैं कि व्रत का समापन कब किया जाए। दुर्गा अष्टमी पर यदि व्रत का पारण करना हो तो इसे कभी भी जल्दबाजी में न करें। शास्त्रों में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सही विधि से पारण करने पर ही व्रत का पूरा फल प्राप्त होता है। अष्टमी की रात 12 बजे के बाद व्रत खोलना अनुचित माना जाता है।

यदि किसी ने पूरे नौ दिन का व्रत रखा है तो उसे नवमी की पूजा विधि-विधान से करने के बाद ही व्रत खोलना चाहिए। इस अवसर पर कन्या पूजन करना और छोटी कन्याओं को भोजन कराना शुभ माना गया है। पूजा के उपरांत उन्हें उपहार या दक्षिणा देना भी आवश्यक होता है। व्रत खोलने के बाद सात्विक और हल्के भोजन का ही सेवन करना उचित माना जाता है। नवरात्रि के दौरान कुछ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। पूजा स्थल पर कभी भी चमड़े से बनी वस्तुएं नहीं रखनी चाहिए और न ही पूजा में इनका उपयोग करना चाहिए। पारण के समय भी पर्स, बेल्ट जैसी लेदर की चीजें अपने साथ नहीं रखें, न ही पहने। इसके अलावा इस पूरे पर्व में नकारात्मक कार्यों से दूर रहना चाहिए। झूठ बोलना, किसी का अपमान करना या बुरी आदतों में लिप्त होना वर्जित माना गया है। विशेषकर अष्टमी और नवमी के दिन तो इस बात का और भी अधिक ध्यान रखना चाहिए कि किसी का दिल आहत न हो।

# परेश रावल फिर मचाएंगे धमाल

### 4 बड़ी फिल्मों में आएंगे नजर

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता परेश रावल एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं। अपने कॉमिक टाइमिंग और बहुआयामी अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले परेश रावल आने वाले महीनों में चार बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। इनमें से ज्यादातर फिल्में कॉमेडी जॉनर की हैं और तीन में वह अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।

**1. थामा – दिवाली 2025**

मैडॉक फिल्म्स की अगली हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना, आयुष्मान खुराना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में हैं, जबकि परेश रावल एक अहम भूमिका निभाते दिखेंगे। इस फिल्म को आदित्य सरपोतदार निर्देशित कर रहे हैं और इसे एक हॉरर लव स्टोरी बताया जा रहा है।

**2. वेलकम टू द जंगल – मार्च/अप्रैल 2026**

प्रसिद्ध वेलकम फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म वेलकम टू द जंगल का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह मल्टी-स्टारर कॉमेडी-एडवेंचर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, अरशद वारसी, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, और श्रेयस तलपड़े के साथ-साथ परेश रावल भी महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को अहमद खान निर्देशित कर रहे हैं और यह मार्च या अप्रैल 2026 में रिलीज हो सकती है।

**3. भूत बांग्ला – 2 अप्रैल 2026**

परेश रावल और अक्षय कुमार एक बार फिर साथ नजर आएंगे हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बांग्ला' में। इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं प्रियदर्शन, जो पहले भी हिट कॉमेडी फिल्मों के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्म में वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव भी शामिल हैं। यह फिल्म 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**4. हेरा फेरी 3 – 2026 या 2027 (अपेक्षित)**

फैंस की सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्म हेरा फेरी 3 भी परेश रावल की लिस्ट में है। इस फिल्म में एक बार फिर मशहूर तिकड़ी – परेश रावल (बाबूराव), अक्षय कुमार (राजू) और सुनील शेट्टी (श्याम) – दर्शकों को हँसाने के लिए तैयार है। हालांकि फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में रिलीज हो सकती है। फिल्म को भी प्रियदर्शन ही निर्देशित कर रहे हैं।





## इंडो-वेस्टर्न लुक में जान्हवी कपूर ने बिखेरा जलवा

ऑफ-शोल्डर ड्रेस और झुमकों ने खींचा सबका ध्यान बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर एक बार फिर अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में हैं। बीती शाम एक खास इवेंट के दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न लुक में शिरकत की, जहां उनका अंदाज देखते ही बन रहा था। ऑफ-शोल्डर गोल्डन टॉप और पिंक ड्रेस में जान्हवी का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जान्हवी ने अपने इस स्टाइलिश आउटफिट को पारंपरिक टच देते हुए माथे पर बिंदी और बड़े झुमकों के साथ कंप्लीट किया। इसके अलावा उन्होंने ज्वेलरी और चूड़ियों का भी खूबसूरती से इस्तेमाल किया, जिससे उनका लुक और भी ग्रेसफुल नजर आया। इवेंट के दौरान जान्हवी ने मीडिया और फोटोग्राफर्स को मुस्कुराते हुए पोज दिए। उनकी तस्वीरें अब इंटरनेट पर छाई हुई हैं और फैन्स उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनकी खूबसूरती और स्टाइल की जमकर सराहना कर रहे हैं। गौरतलब है कि जान्हवी कपूर ने 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। तब से लेकर अब तक उन्होंने न केवल अपनी एक्टिंग से बल्कि अपने फैशन स्टेटमेंट से भी लाखों दिलों को जीता है। जान्हवी आज की यंग जनरेशन की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार हैं और फैशन के मामले में उन्हें ट्रेंडसेटर माना जाता है।

## 100 करोड़ क्लब में जल्द ही शामिल होगी अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी-3

अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को रिलीज हुई थी। तब से, फिल्म ने शानदार सफलता हासिल की है। प्रशंसक फिल्म को खूब पसंद कर रहे हैं। अक्षय और अरशद इसमें जॉली नाम के वकील की भूमिका निभा रहे हैं। प्रशंसकों को फिल्म की कहानी पसंद आ रही है। आइए जानते हैं कि फिल्म ने अब तक कितनी कमाई की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपने दूसरे शनिवार को 6.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म के नौवें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किए गए हैं। हालाँकि, अगर फिल्म अपने दूसरे शनिवार को 6.25 करोड़ कमा लेती है, तो अब तक इसका कुल कलेक्शन 84 करोड़ हो गया है। उम्मीद है कि फिल्म रविवार को और भी ज्यादा कमाई करेगी और जल्द ही 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी।



# नेपाल ने रचा इतिहास

## दो बार की टी20 वर्ल्ड चैंपियन वेस्ट इंडीज को 19 रन से पीटा, सीरीज में बनाई 1-0 से बढ़त




**काठमांडू।** नेपाल ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में 19 रनों से हराकर इतिहास रच दिया है। यह नेपाल की आईसीसी के किसी फुल मेंबर देश के खिलाफ पहली जीत भी है। इसी के साथ नेपाल ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। नेपाल के दिए 149 रन के टॉर्गेट के जवाब में वेस्ट इंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 129 रन ही बना पाई।

वेस्ट इंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और नेपाल को 20 ओवरों में 8 विकेट पर 148 रन पर रोक दिया। नेपाल की पारी शुरूआती झटकों के बाद मिडिल ऑर्डर के अहम योगदान से संभली। नेपाल को शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा। नेपाल ने कुशाल भुर्टेल (5) और आसिफ शेख (3) के विकेट जल्दी गंवा दिए और चौथे ओवर तक उसका स्कोर 12/2 हो गया। इसके बाद कप्तान रोहित पौडेल (35 गेंदों पर 38 रन), कुशाल मल्ला (21 गेंदों पर 30 रन) और गुलशन झा (16 गेंदों पर 22 रन) ने पारी को संभालने में मदद की।

### कैरेबियाई बल्लेबाज फ्लॉप

वेस्ट इंडीज के लिए जेसन होल्डर सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे। उन्होंने 20 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि नवीन बिदाईसी ने 29 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें पौडेल और मल्ला के लगातार ओवरों में लिए गए बड़े विकेट भी शामिल थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट इंडीज की शुरूआत खराब रही। काइल मेयर्स को कुशाल भुर्टेल ने महज पांच रन पर आउट कर दिया। लगातार विकेट गिरने के कारण वेस्?ट इंडीज की बल्लेबाजी गति नहीं पकड़ पाई।

वेस्ट इंडीज के कई बल्लेबाजों ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। आमिर जंगू (19), अकीम ऑगस्टे (15), कीसी कार्टी (16) और नवीन बिदाईसी (22) सभी कुछ देर क्रीज पर रहने के बाद आउट हो गए। फैबियन एलन (14 गेंदों पर 19) और कप्तान अकील होसेन (9 गेंदों पर 18) के आखिरी ओवरों में कुछ अच्छे शॉट लगाए, मगर इसके बावजूद वेस्ट इंडीज की 20 ओवरों में 129/9 रन ही बना सकी। नेपाल के अटैक ने पूरी पारी में लगातार दबाव बनाए रखा, जिसमें कुशल भुर्टेल ने अपने स्पेल में 17 रन देकर 2 विकेट लिए और उनकी ऐतिहासिक जीत में अहम योगदान दिया। सीरीज का दूसरा टी20 मैच 29 सितंबर को खेला जाएगा। वेस्ट इंडीज की टीम इस मैच में अपने कई नियमित खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी।

# 'उन्हें समझदारी से टूर्नामेंट चुनने होंगे'

## पीवी सिंधू को साइना नेहवाल की सलाह





**मुंबई।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का मानना है कि पीवी सिंधू को अब टूर्नामेंट चुनने में समझदारी दिखानी होगी। जैसे-जैसे सिंधू 30 की उम्र में पहुंच रही हैं, लगातार हर टूर्नामेंट खेलने का दबाव उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। साइना ने कहा, 'ऐसा नहीं है कि एक निश्चित उम्र के बाद आप अच्छा नहीं कर सकते। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन आपको उन टूर्नामेंटों पर ध्यान देना होगा जिनमें आप अच्छा करना चाहते हैं।' साइना का कहना है कि रैंकिंग बनाए रखने के लिए सभी टूर्नामेंट खेलना थकाऊ हो सकता है। उन्होंने कहा, 'आप सभी टूर्नामेंटों में अच्छा नहीं कर सकते क्योंकि यह मुश्किल होता है। इस उम्र में जब आप अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए लगातार इतने सारे टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं तो जाहिर है आपको एक निश्चित दौर तक तो पहुंचना ही होगा।' साइना का मानना है कि सिंधू को बड़े टूर्नामेंट जैसे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर आप जीतना चाहते हैं जैसे विश्व चैंपियनशिप या एशियाई चैंपियनशिप तो आपको उन टूर्नामेंटों में पूरी ताकत लगानी होगी।'

### सिंधू की फॉर्म पर नजर

2024-25 का साल सिंधू के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है क्योंकि कई टूर्नामेंटों में वह पहले या दूसरे राउंड में हार गईं। हालांकि, हाल ही में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर बेहतर प्रदर्शन के संकेत दिए। साइना ने कहा, 'अगले कुछ टूर्नामेंटों में देखते हैं उसका प्रदर्शन कैसा रहता है क्योंकि विश्व चैंपियनशिप के बाद उसने अच्छा प्रदर्शन किया है।'

### साइना ने सिंधू की क्षमता पर भरोसा जताया

साइना ने कहा, 'आप नहीं जानते कि चीजें कब बदल जाएंगी क्योंकि वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह जानती है कि टूर्नामेंट कैसे जीते जाते हैं। कभी-कभी एक निश्चित उम्र के बाद शरीर के लिए मुश्किलें आती हैं। लेकिन मुझे यकीन है कि वह अच्छा कर सकती है।'

### उम्र के साथ बढ़ती चुनौतियां

साइना ने यह भी बताया कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर की रिकवरी पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि 28-29 साल की उम्र के बाद शरीर की उबरने की क्षमता काफी धीमी होती है। निश्चित रूप से आपको बहुत कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी, लेकिन पांच दिनों तक हर दिन जोर लगाना आसान नहीं है।'

# भारत ने सातवां सैफ अंडर-17 खिताब जीता

## पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया

**कोलंबो।** भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया जिससे शूटआउट से नतीजा निकला। भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। इसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में डाला। वहीं बांग्लादेश की टीम दबाव में बिखर गई। उसके लिए केवल मोहम्मद माणिक ही गोल कर सके।




# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## ऊंची कूद खिलाड़ी शैलेश ने जीता स्वर्ण, वरुण सिंह भाटी ने कांस्य पदक नाम किया

**नई दिल्ली।** शैलेश कुमार और वरुण सिंह भाटी ने शनिवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी63-टी42 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेजबान भारत का खाता खोला। 25 वर्षीय शैलेश ने टी42 वर्ग में 1.91 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चैंपियनशिप रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पैरा एशियाई खेलों के पूर्व पदक विजेता भाटी ने कांस्य पदक जीता जबकि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अमेरिका के एज्रा फ्रेच ने रजत पदक हासिल किया। भाटी और फ्रेच दोनों ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी ने काउंट-बैक में भारतीय खिलाड़ी को हरा दिया। इस स्पर्धा में शामिल तीसरे भारतीय राहुल 1.78 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास से चौथे स्थान पर रहे। शैलेश, भाटी और राहुल टी42 एथलीट हैं जिनके घुटने के ऊपर एक अंग विच्छेदन हुआ हो या एक समान दिव्यांगता हो। टी63 वर्गीकरण उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके घुटने के पास दिव्यांगता हो। टी63 और टी42 एथलीटों को एक ही स्पर्धा में शामिल किया जा सकता है और शनिवार को भी यही प्रक्रिया अपनाई गई।




# रविवार, 28 सितम्बर राशिफल

आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। आपको परिश्रम का प्रतिफल मिलेगा। भाग्य धीरे-धीरे उदय हो रहा है और बढ़ती आर्थिक परेशानियों से भी आपको मुक्ति मिलेगी। आपको फैमिली बिजनस मे आज सफलता मिलेगी।

वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, किसी शुभ मांगलिक काम में शामिल होने का आपको मौका मिलेगा। शाम को आज किसी मेहमान का आगमन हो सकता है जिससे मन में प्रसन्नता की अनुभूति होगी। घर में आपके चहल पहल बना रहेगा।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज रविवार का दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। आपके कामकाज में आज तेजी रहेगी। आर्थिक लाभ के रास्ते खुलेंगे। आपको अपनी प्रगति को स्थायी रूप से बनाए रखना है इसलिए आपको अपने काम में कुछ नया करने और सीखने का प्रयास करना चाहिए।

कर्क राशि के लिए आज रविवार का दिन मिलाजुला रहेगा। चंद्रमा के नीच राशि में होने से आज आप अपने भाई-बहनों को लेकर चिंतित हो सकते हैं। जीवनसाथी का आपको आज वैसे पूरा सहयोग मिलेगा। आपके कामकाज में आज कुछ बदलाव होगा।

सिंह राशि के जातकों को आज आज आलस को हावी नहीं होने होने देना चाहिए नहीं तो आपका कई जरूरी काम आज अटक सकता है। दिन का दूसरा भाग आज आपके लिए अधिक व्यस्तता भरा रहेगा। आपको आज कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से यात्रा भी करनी होगी।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक होने होने के साथ ही व्यस्तता वाला रहेगा। आपको आज कई तरह के कार्यों में समय देना होगा। आपको परिश्रम का पूरा प्रतिफल मिलेगा। आप उत्साह के साथ अपने कार्यों को पूरा करेंगे।

तुला राशि के लिए आज का दिन सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको आज विरोधियों से सतर्क रहना होगा। वैसे आप अपने साहस और बुद्धि से विरोधियो को परास्त करने में सफल रहेंगे। आज कुछ अनावश्यक चिंताएं आपको परेशान कर सकती हैं।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन कारोबार व्यापार में लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको आज दूसरों के मामलों से दूर रहना होगा। आज आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। आपके सितारे बताते हैं कि, दिन के दूसरे भाग में आपकी कुछ पुरानी चली आ रही परेशानियां मुक्ति मिलेगी।

धनु राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपका कहीं पैसा फंसा है तो आपको आपका पैसा वापस मिल सकता है। दिन का आरंभ कुछ सुस्त लेकिन धीरे-धीरे काम में गति आएगी। व्यापार में प्रगति के साथ आपका आत्मविश्वास चरम पर होगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज रविवार का दिन कारोबार व्यापार में लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको आज कुछ शुभ सूचना या संदेश मिल सकता है जिससे आपका मन आनंदित होगा। दोस्तों के साथ आपको आज मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज आपकी अध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। आप कुछ टल रहे काम को पूरा कर पाएंगे। आज आपको नौकरी में उच्चाधिकारियों के सहयोग से फायदा होगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद होगा। आपको परिवार के सहयोग से आज फायदा होगा। आपके लिए भाग्य आज तरक्की का रास्ता बना रहा है। पढ़ाई और अध्यात्म में रुचि बनी रहेगी। आज आपको शत्रुओं से सावधान रहना होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# ताज के साए में यादगार बनती हैं शादियां

- आगरा में आईडब्लूएसए ने डेस्टिनेशन वेडिंग को दीं नई ऊंचाई
- डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने हुआ आईडब्लूएसए का आयोजन
- होटल क्लार्क्स शिराज में जुटे देश विदेश के वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमी




एनएनआई

**आगरा।** ताज के साए में शादियां ग्लोबल मानकों पर रोमांचक और यादगार बनती हैं। आगरा के होटल और कन्वेंशन हॉल बड़ी और छोटी शादियों के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। आगरा डेस्टिनेशन वेडिंग की राजधानी बन सकता है। यह चर्चा होटल क्लार्क्स शिराज में शुभ वेडिंग मैगजीन और उप्र पर्यटन विभाग के सहयोग से दो दिवसीय इंटरनेशनल वेडिंग समिट एंड अवार्ड में हुई। इस समिट का उद्देश्य भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देना और आगरा को एक प्रीमियम वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना था।

समिट मेंयूपी होटल्स के प्रबंध निदेशक रूपक गुप्ता और तारिणी गुप्ता ने कहाकि इस तरह के प्लेटफॉर्म इंडस्ट्री में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण हैं। हमारा उद्देश्य आगरा और पूरे भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। आईडब्लूएसए ने इसे सफलतापूर्वक साकार किया। टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा ने आगरा डेस्टिनेशन वेडिंग की राजधानी विषय पर परिचर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता रजनी नैयर डेब, जनरल मैनेजर, डबलट्री बाय हिल्टन आगरा ने की।

अमूल्य कक्कड क्लार्क्स शिराज, हरी सुकुमार, जेपी पैलेस होटल एंड कन्वेंशन सेंटर, राजेश चक्रवर्ती, ताज होटल एंड कन्वेंशन सेंटर, संदीपन घोष, मुगल, युवराज नेगी, होटल ट्राइडेंट, अमीरुद्दिन, सारोवर एंड गोल्डन ट्यूलिप ने आगरा की अद्वितीय विरासत, आधुनिक सुविधाओं और विश्वस्तरीय आतिथ्य को रेखांकित करते हुए कहाकि ताजमहल की छाया में शादियां ग्लोबल मानकों पर रोमांचक और यादगार बनती हैं। अमूल्य कक्कड़ ने कहाकि आगरा के होटल और कन्वेंशन हॉल बड़ी और छोटी शादियों के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों से बेहतरीन कनेक्टिविटी, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के लिए सुविधा सुनिश्चित होती है। स्थानीय कला, पारंपरिक प्रदर्शन और मुगलई व्यंजन, शादी के अनुभव को अद्वितीय और यादगार बनाते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में ऋतुराज खन्ना, महावीर शर्मा, तरुण अग्रवाल, अमूल्य कक्कड़, रजत सेठी, रजनी डेब नैयर, रिचा बंसल आदि को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# 18 अक्टूबर से लगेगा बटेश्वर नाथ मेला

- भव्य दीपोत्सव, यमुना आरती और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन बनाएंगे खास
- जिला पंचायत बैठक में विकास योजनाओं और मेले की तैयारियों पर हुई चर्चा




### महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण

बैठक में महिला आर्थिक सुरक्षा के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री की लखपति दीदी योजना को गति प्रदान करने पर जोर दिया गया। साथ ही हर माह सघन वृक्षारोपण अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

### जीएसटी (2) सुधार पर धन्यवाद प्रस्ताव

बैठक में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लागू किए गए जीएसटी (2) सुधार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। जिला पंचायत का मानना है कि इससे बचत बढ़ेगी, क्रय शक्ति मजबूत होगी, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि होगी तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

एनएनआई

**आगरा।** बटेश्वरनाथ मेले की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सभागार बालूगंज में हुई बैठक जहां खाका तैयार किया गया। वहीं विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने कहाकि अन्त्योदय गांव, किसान, गरीब, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए जिला पंचायत निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत द्वारा 18 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक श्री बटेश्वरनाथ मेला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दीपोत्सव, यमुना आरती, रामलीला-रासलीला, लोकगायन, मिनी मैराथन, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट टूनामेंट, दंगल आदि खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। पशु मेले का पंजीकरण 14 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। बैठक में बताया गया कि जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए जोगरा खुर्द, जैतपुर कलां, किरावली और एत्मादपुर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही विभिन्न महापुरुषों के नाम पर 15 नवीन क्रीड़ास्थल तैयार किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, नालियों, शौचालयों और जलाशयों के सौन्दर्यीकरण कार्य भी तेजी से किये जा रहे हैं। जिला पंचायत मुख्यमंत्री गड्ढामुक्त सड़कों के अभियान में भी सक्रिय सहयोग कर रही है। बैठक में स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, योगेन्द्र उपाध्याय, पूर्व विधायक डॉ राजेंद्र सिंह, राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान, राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन और नवीन जैन भी उपस्थित रहे।